कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 16.06.2025

विषय:-"ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत थाना चेतगंज व जैतपुरा की संयुक्त टीम द्वारा टप्पेबाजी करने वाले गिरोह के 03 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार, 01 अदद अवैध तमन्चा व 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस कुल 25120/- रुपये बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज जोन काशी कमि0 वाराणसी व श्रीमान प्रभारी निरीक्षक थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी के कुशल निर्देशन में मुखविर खास की सूचना पर थाना चेतगंज पुलिस व थाना जैतपुरा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 100/2025 धारा- 318(4), 316(2), 303(2) BNS थाना चेतगंज वाराणसी से संबंधित 03 अभियुक्तगण पुलिस मुठभेड़ में को गिरफ्तार किया गया। दौराने गिरफ्तारी अभियुक्तगण द्वारा अवैध तमंचे से पुलिस बल पर फायर किया गया, जवाबी कार्यवाही में पुलिस बल द्वारा भी फायर किया गया जिसमें से एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी व अन्य अभियुक्तगण को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना जैतपुरा पर मु0अ0सं0 150/25 धारा 109(1), 317(2) बीएनएस व अवैध असलहा के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 151/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-04-06-2025 को वादी मुकदमा द्वारा लिखित प्रार्थना के आधार पर दिनांक 01/06/2025 को मरीमाई चौराहे पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गयी टप्पेबाजी के संबंध में पंजीकृत थाना चेतगंज में मु0अ0सं0 100/2025 धारा- 318(4), 316(2), 303(2) BNS पंजीकृत कर घटना के संबंध में यथाशीघ्र अनावरण हेतु टीम का गठन किया गया था उसी क्रम में दिनांक-15/16-06-2025 की रात्रि **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबीर खास की सूचना के आधार पर चेतगंज पुलिस व जैतपुरा पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस से बचने हेतु 01 अभियुक्त द्वारा की गयी फायरिंग की जवाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त को पैर में गोली लगी। गिरफ्तार अभियुक्तगण के पास से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया।

विवरण पूछताछ-

अभियुक्तगण द्वारा अपनी गलती की माफी माँगते हुए बताया कि हम लोग मिलकर स्टेशन के आस-पास आने जाने वाले लोगों को भ्रमित करके उनसे पैसा ठग लेते हैं, इसी से अपनी जीवकोपार्जन करते है। हम लोगों ने कैण्ट स्टेशन के सामने से एक व्यक्ति को बहला फुसला कर मरीमाई चौराहे पर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम के पास धोखा-धड़ी करते हुए उसका मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड व एक अंगूठी पीली धातु की चोरी कर लिये थे। इसके बाद उसके एटीएम कार्ड से मेरे व जशीम द्वारा 48,000/- रुपये एसबीआई के एटीएम से निकाले गये थे तथा सोनू द्वारा उसके

मोबाइल से 50,000/- रुपये आनलाइन पेमेंट के माध्यम से ट्रांसफर करके निकाल लिये गये थे। इसके बाद हम लोग उन पैसों को लेकर दिल्ली चले गये थे और उन पैसों को अपनी शौक को पूरी करने के लिये खाने-पीने व कपड़े खरीदने आदि में उड़ा दिये। तथा जिस अंगूठी को हमने धोखा से चोरी किया था उसको रास्ते में एक अन्जान व्यक्ति को इलाज का बहाना बताते हुए 10,000 रूपये में बेच दिया था ये हम लोगों पास जो पैसे बरामद हुए हैं ये उन्ही चोरी किये गये रुपयों में से बचे रुपये हैं।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-</u>

1. मोहम्मद जशीम पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी जे जे कालोनी ए ब्लाक 3218 पांच नं. स्कूल बवाना थाना नरेला दिल्ली उम्र करीब 19 वर्ष
2. सोनू कुमार पुत्र सीताराम महतो निवासी रुपछपरा सारंगपुर मुजफ्फरपुर बिहार व हाल पता जेजे कालोनी ए ब्लाक 585 बवाना थाना नरेला दिल्ली उम्र करीब 22 वर्ष
3. मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद रहमत निवासी जे0जे0 कलोनी F332 थाना नरेला दिल्ली 27 वर्ष

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व स्थानः-</u> दिनांक-16.06.2025 चौकाघाट पुलिस चौकी से आगे धोबाहीया पोखरी कब्रिस्तान के पास से।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1. अभियुक्त मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद रहमत उपरोक्त से बरामदशुदा 7210 रुपये
2. अभियुक्त मोहम्मद जशीम पुत्र मोहम्मद सलीम उपरोक्त से बरामदशुदा 9400 रुपये
3. अभियुक्त सोनू कुमार पुत्र सीताराम महतो उपरोक्त से बरामदशुदा 8510 रूपया

<u>गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली थाना चेतगंज की पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री दिलीप कुमार मिश्रा थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 शुभेन्दु दीक्षित चौकी प्रभारी नाटी ईमली थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी
3. उ0नि0 राहुल बरनवाल थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
4. हे0का0 नरेन्द्र तिवारी थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 राजेश कुमार थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
6. का0 संजय प्रताप थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
7. का0 कृष्णा यादव थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली थाना जैतपुरा की पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री बृजेश मिश्रा थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।
2. हे0का0 रमेश राम थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 राजकुमार थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।